अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत
नई दिल्ली

संपादकीय

प्रश्न 1 : यदि मेरा प्रस्ताव एक बार अस्वीकृत कर दिया गया है तो क्या मैं वही प्रस्ताव पुन: भेज सकता/सकती हूँ?

उत्तर 1 : एक बार अस्वीकार किए गए प्रस्ताव पर प्रकाशन के लिए पुन: विचार नहीं किया जाएगा।

प्रश्न 2 : क्या मैं अपना प्रस्ताव राष्ट्रीय पुस्तक न्यास को प्रस्तुत करने के पश्चात कहीं और भी भेज सकता/सकती हूँ?

उत्तर 2 : यदि आपने कोई प्रस्ताव राष्ट्रीय पुस्तक न्यास को प्रस्तुत किया है, तो आपको यह सुझाव दिया जाता है कि उसी प्रस्ताव को किसी अन्य प्रकाशन गृह को विचार के लिए नहीं भेजा जाना चाहिए। चूंकि एक ही साथ कई प्रकाशन गृहों में विचार के लिए प्रस्तुत की गई पांडुलिपि को स्वीकार नहीं किया जाता है इसलिए कृपया यह सूचित करते हुए एक दावात्याग (डिस्क्लेमर) संलग्न करें कि यह प्रस्ताव किसी अन्य प्रकाशन गृह को प्रस्तुत नहीं किया गया है।

प्रश्न 3 : मुझे अपने प्रस्ताव के साथ और क्या दस्तावेज़ संलग्न करने चाहिएं?

उत्तर 3 : आपके प्रस्ताव में किन्हीं दो नमूना अध्यायों के साथ एक सारांश व अध्याय की रूपरेखा सम्मिलित होनी चाहिए। लघु कथाओं तथा निबंधों के लिए कृपया पाँच नमूना कथाओं और/या निबंधों के साथ संग्रह का सारांश भेजें।

प्रश्न 4 : यदि मेरी पांडुलिपि अस्वीकृत हो जाती है, तो क्या वह वापस कर दी जाएगी?

उत्तर 4 : कृपया अपनी पांडुलिपि की एक प्रति अपने पास अवश्य रखें क्योंकि आपके द्वारा भेजी गई पांडुलिपि को वापस नहीं किया जाता है।

प्रश्न 5 : मैं अपने प्रस्ताव के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए आपसे किस प्रकार संपर्क कर सकता/सकती हूँ?

उत्तर 5 : यदि आपके प्रस्ताव/पांडुलिपि पर प्रकाशन के लिए विचार किया जाता है, तो न्यास द्वारा आपको ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए आप संबंधित पुस्तकमाला के संपादक से संपर्क कर सकते हैं।

प्रश्न 6 : किसी पांडुलिपि पर प्रकाशन के लिए विचार करने में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास को कितना समय लगता है?

उत्तर 6 : राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के मानदंडों के अनुसार, पांडुलिपि की सबसे पहले आंतरिक समीक्षा की जाती है और यदि आवश्यक हो, तो पांडुलिपि को समीक्षा के लिए विषय विशेषज्ञ के पास भेजा जाता है। विशेषज्ञ की प्राप्त होने के पश्चात ही, उसके प्रकाशन के संबंध में निर्णय लिया जाता है। इसके पश्चात लेखक को इसकी सूचना दी जाती है। आंतरिक एवं बाह्य समीक्षा की प्रक्रिया में 8 से 16 सप्ताह तक का समय लग सकता है।

प्रश्न 7 : यदि पांडुलिपि स्वीकार एवं प्रकाशित की जाती है, तो क्या उसका अन्य भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा?

उत्तर 7 : किसी पुस्तक का अनुवाद सीधे उसके लेखक के साथ विशिष्ट कॉपीराइट व्यवस्था से जुड़ा होता है, तथा वह भाषा सलाहकार पैनल/विशेषज्ञों/संपादकों की संस्तुति पर आधारित होता है।

प्रदर्शनी

प्रश्न-1 : क्या राष्ट्रीय पुस्तक न्यास अन्य देशों में कोई पुस्तक मेला आयोजित करता है ?

उत्तर-1 : नहीं, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास केवल अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों में भाग लेता है।

प्रश्न-2 : क्या भारतीय प्रकाशक राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों में भाग ले सकते हैं?

उत्तर-2 : हाँ, भारतीय प्रकाशक राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों में भाग लेते हैं।

प्रश्न-3 : राष्ट्रीय पुस्तक न्यास वर्ष में लगभग कितने पुस्तक मेलों का आयोजन करता है ?

उत्तर-3 : राष्ट्रीय पुस्तक न्यास वर्षभर में विभिन्न राज्यों में 10-12 घरेलू पुस्तक मेलों का आयोजन करता है।

प्रश्न-4 : राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में पुस्तकों को कितने/किस वर्ग में प्रदर्शित किया जाता है?

उत्तर-4 : घरेलू पुस्तक मेले में पुस्तकों का ऐसा कोई वर्गीकरण नहीं है। तथापि, पुस्तकों का वर्गीकरण, वार्षिक नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में किया जाता है।

प्रश्न-5 : कोई प्रकाशन गृह राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा आयोजित नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में किस प्रकार पंजीकरण करवाकर भाग ले सकता है?

उत्तर-5 : कोई प्रकाशन गृह ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकता है और नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में भाग ले सकता है। तथापि कोई प्रकाशक घरेलू पुस्तक मेलों में ऑफलाइन माध्यम से भाग ले सकता है।

जनसंपर्क

प्रश्न-1 : जनसंपर्क अनुभाग प्रिंट मीडिया के माध्यम से सूचना का प्रचार कैसे करता है?

उत्तर-1 : जनसंपर्क अनुभाग नियमित रूप से विज्ञापन प्रकाशित करता है और समाचार-पत्रों (विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय के साथ पैनलबद्ध), पत्रिकाओं, पोस्टरों, बैनरों आदि के माध्यम से अपनी गतिविधियों के संबंध में जानकारी का प्रचार करता है।

प्रश्न-2 : जनसंपर्क अनुभाग डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सूचना का प्रचार-प्रचार कैसे करता है?

उत्तर-2 : जनसंपर्क अनुभाग राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की गतिविधियों को बढ़ावा देता है और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ इसके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों जैसे फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, लिंकडिन, कू, टेलीग्राम, आदि के माध्यम से जानकारी का प्रचार करता है।

प्रश्न-3 : जनसंपर्क अनुभाग प्रचार के लिए किन अन्य माध्यमों का उपयोग करता है?

उत्तर-3 : जनसंपर्क अनुभाग विभिन्न भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाली पत्रिकाओं में विज्ञापन/संपादकीय देने के साथ-साथ कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, बच्चों के लिए गतिविधियों आदि के माध्यम से भी अपनी पुस्तकों व कार्यक्रमों को बढ़ावा देता है।

प्रश्न-4 : जनसंपर्क अनुभाग अन्य किन गतिविधियों का आयोजन करता है ?

उत्तर-4 : जनसंपर्क अनुभाग विशेष दिवसों/प्रासंगिक विषयों, साहित्यिक कार्यक्रमों पर वेबिनार आयोजित करता है और अन्य संगठनों आदि के साथ राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के नॉलेज पार्टनरशिप सहयोग की व्यवस्था करता है।

प्रश्न-5 : जनसंपर्क अनुभाग राष्ट्रीय पुस्तक न्यास हेतु प्रचार-प्रसार किस प्रकार करता है?

उत्तर-5 : जनसंपर्क अनुभाग प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के साथ-साथ कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से भी राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के प्रचार तथा विपणन और ब्रांड राष्ट्रीय पुस्तक न्यास को बढ़ाने हेतु जनसंपर्क अभियान चलाता है।

राष्ट्रीय बाल साहित्य केंद्र (रा.बा.सा.के.)

प्रश्न 1. मैं रा.बा.सा.के पुस्तकालय का सदस्य कैसे बन सकता हूँ?

उत्तर 1. रुपये 100/- के पंजीकरण शुल्क सहित रुपये 500/- के वापसी योग्य प्रतिभूति जमा के एकमुश्त भुगतान करने पर सदस्यता दी जाती है।

प्रश्न 2. सदस्यता प्राप्ति के पश्चात मैं कितनी पुस्तक पढ़ने के लिए ले सकता हूँ?

उत्तर 2. पुस्तकालय के सदस्य एक बार में दो पुस्तकें/पत्रिकाएं 15 दिन के लिए ले सकते हैं।

प्रश्न 3. मेरा विद्यालय पाठक क्लब का भाग कैसे बन सकता है?

उत्तर 3. विवरणों हेतु कृपया हमें nccl.nbtindia@gmail.com पर ई-मेल करें।

प्रश्न 4. मैं चाहता हूँ कि रा.पु.न्या/रा.बा.सा.के. द्वारा बच्चों हेतु कुछ गतिविधियां आयोजित की जाएं। इस संबंध में आप मेरी क्या सहायता कर सकते हैं?

उत्तर 4. आप कृपया अपने संगठन/विद्यालय के विवरणों सहित हमें ईमेल nccl.nbtindia@gmail.com पर लिखें ताकि हम आपकी जिज्ञासाओं के उत्तर दे सकें।

प्रश्न 5. क्या मैं अपनी कहानी/कविता प्रकाशन हेतु भेज सकता हूँ?

उत्तर 5. हाँ आप रा.बा.सा.के. द्वारा प्रकाशित की जाने वाली द्विभाषी बाल पत्रिका रीडर्स क्लब बुलेटिन में प्रकाशन के लिए बाल कथा/कविता भेज सकते हैं।

सहायता अनुदान

सहायता अनुदान योजना से क्या अभिप्राय है?	पठन की आदत के विकास हेतु पुस्तक प्रोन्नयन गतिविधियों से संबंधित सम्मेलनों/प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों/कार्यशालाओं/वार्षिक सभाओं/पुस्तक मेलों के आयोजन हेतु स्वैच्छिक/निजी संगठनों को वित्तीय सहायता की योजना
योजना के अंतर्गत कौन-सी गतिविधियां आती हैं?	पठन की आदत विकसित करने हेतु पुस्तक प्रोन्नयन गतिविधियों से संबंधित सम्मेलन/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम/कार्यशालाएं/वार्षिक सभाएं/पुस्तक मेले
आवेदन करने के लिए कौन-कौन पात्र हैं?	i. निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने वाले गैर सरकारी संगठन/स्वैच्छिक संगठन क) सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी, अथवा ख) किसी भी विधि के अंतर्गत फिलहाल पंजीकृत सार्वजनिक न्यास, अथवा ग) कंपनी अधिनियम की धारा 58 के अंतर्गत अनुज्ञापित धर्मार्थ कंपनी, अथवा घ) उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय/संस्थान ii. संगठन भारत सरकार के दर्पण पोर्टल अर्थात www.ngodarpan.gov.in - गैर सरकारी संगठन के पास आवश्यक रूप से पंजीकृत हो और उसकी अपनी वैध विशिष्ट आई डी हो। iii. संगठन पुस्तक प्रोन्नयन गतिविधियों/शैक्षिक जागरूकता गतिविधियों/मानव संसाधन विकास गतिविधियों से संबंधित लेखन, प्रकाशन, पुस्तक विक्रय और अन्य गतिविधियों से संबद्ध हो। IV. संस्थान न्यूनतम तीन वर्ष से अस्तित्व में हो। v. इसके अतिरिक्त केंद्र/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त साहित्यिक निकाय, सरकार द्वारा समर्थित अकादमी/शैक्षिक संस्थान भी इस योजना के अंतर्गत पात्र हैं।
योजना के लिए आवेदन पत्र कब प्रस्तुत किया जाना है?	प्रतिवर्ष सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात
योजना में चयन के लिए क्या मापदंड हैं?	इस योजना के अंतर्गत अनुदान प्रदान करने हेतु स्वीकृत समिति गैर सरकारी संगठनों के प्रस्ताव की गुणों और साख के आधार पर संवीक्षा करके उसका चयन करती है। चयनित गैर सरकारी संगठन नीति आयोग के एनजीओ पीएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए।

विक्रय समन्वय

प्रश्न 1. विक्रय विभाग की संगठनात्मक संरचना का पदानुक्रम क्या है?

उत्तर 1. विक्रय विभाग की संगठनात्मक संरचना का पदानुक्रम।



प्रश्न 2 राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की पुस्तकों की उपलब्धता हेतु राष्ट्रीय पुस्तक न्यास का ब्रांड स्टोर कहाँ है ?

उत्तर 2 राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के स्टोरों के पतों के विस्तृत विवरण :-

1.	**दिल्ली** **भूतल,** नेहरू भवन, 5, इंस्टीट्यूशनल एरिया, फेज-II, वसंत कुंज, नई दिल्ली - 110070 दूरभाष संख्या - 011- 26707700 ई-मेल- nro.nbt@nic.in	2.	**कोलकाता** **द्वितीय तल,** जालानसेवा न्यास भवन, 61, महात्मा गांधी रोड कोलकाता - 700009 दूरभाष संख्या - 033-22413899 ई-मेल - ero.nbt@nic.in
3.	**मुंबई** **प्रथम तल,** रवींद्र नाट्य मंदिर, पु.ल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी प्रभादेवी, मुंबई - 400025 दूरभाष संख्या - 022-23720442, 24320380 ई-मेल - wro.nbt@nic.in	4.	**बेंगलुरु** **भूतल,** हॉल सं 1, बीडीए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, बनाशंकरी- II मंच, बेंगलुरु - 560070 दूरभाष संख्या - 080-26716303 ई-मेल - sro.nbt@nic.in
5.	**पटना** **भूतल,** 73/40, आफिसर्स फ्लैट बेली रोड, पुनाईचक के निकट पटना (बिहार) दूरभाष संख्या - 0612-2546967 ई-मेल - bpc.patna@nbtindia.gov.in	6.	**लखनऊ** **प्रथम तल,** दुकान सं 06, वीवी- 01, कॉनकोर्स तल, विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226007 दूरभाष संख्या - 0522-2974869 ई-मेल - bpc-lucknow@nbtindia.gov.in
7.	कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन, **द्वितीय तल,** **दिल्ली**	8.	दिल्ली विश्वविद्यालय मेट्रो, **तहखाना दिल्ली**
9.	**गुवाहाटी** प्रथम तल, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति भवन डैग सं 531, जीएमसी वार्ड सं 45, हिदायतपुर, मौज़ाऊलूबारी, गुवाहाटी - 781003 दूरभाष संख्या - 0361-2131522 ई-मेल - bpc.guwahati@nbtindia.gov.in	10.	**अगरतला** भूतल एएमसी अगरतला पुस्तकालय (पुरा ग्रंथागार), अगरतला - 799001, पीएस-पूर्व अगरतला, उप-मंडल एवं उप-रजिस्ट्री - सदर पश्चिम त्रिपुरा दूरभाष संख्या - 0381-2328990 ई-मेल - bpc.agartala@nbtindia.gov.in

11.	**कटक** **प्रथम तल,** उत्कल साहित्य समाज परिसर, टाउन हॉल रोड तेलेंगा बाज़ार, कटक - 753009 ओड़िशा दूरभाष संख्या - 0671-2308799 ई-मेल - ero.nbt@nic.in	12.	**चेन्नई** **भूतल,** ईवीके संपत भवन डीपीआई कैंपस कॉलेज रोड, नूनगमबक्कम, चेन्नई - 600006 दूरभाष संख्या - 044 - 28252663 ई-मेल - bpc.chennai@nbtindia.gov.in
13.	**हैदराबाद** **जी- 2-6, भूतल,** गृहकल्पा कॉम्प्लेक्स गांधी भवन, एमजे रोड, नामपल्ली के सामने, हैदराबाद - 500001 दूरभाष संख्या - 040-27077333 ई-मेल - bpc.hyderabad@nbtindia.gov.in	14	**एर्नाकुलम/कोची तहखाना,** बी- 2 रेवेन्यू टॉवर, (राजकीय विधि महाविद्यालय के समीप) पार्क एवेन्यू, एर्नाकुलम, कोची - 682011 दूरभाष संख्या - 0484 - 2367702 ई-मेल - nbt.kochi@gmail.com
15.	अमेजॉन https://www.amazon.in/s?i=merchant-items&me=A31N3XZYTCJ5EZ&page=4	16	फ्लिपकार्ट https://www.flipkart.com/search?q=national+book+trust&otracker+search&marketplace=FLIPKART&as-show=on&as=off&page=2
17.	एनबीटी की वेबसाइट https://www.nbtindia.gov.in/catalogues__online-index.aspx		

प्रश्न 3. राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के ब्रांड स्टोर में किन भाषाओं की पुस्तकें उपलब्ध हैं?

उत्तर 3. उपलब्ध पुस्तकों की भाषाएं

क्रमांक	भंडार अवस्थिति/माल संग्रह	भाषाएं
01.	उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय - वसंत कुंज (नई दिल्ली)	अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी, उर्दू, कश्मीरी, राजस्थानी, भोजपुरी, सिंधी, भीली, गोंडी, संथाली, मगही, भतरी, हल्बी, हो, माता, मुंडारी, दोरली, हिमाचली, संस्कृत, डोगरी, हरियाणवी, कुमाऊँनी, गढ़वाली, कुदुख, खड़िया, बिरजिया, बिरहोरी, भूमिज, आसुरी और मैथिली
02.	उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय-साहिबाबाद (उ.प्र.)	अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी और उर्दू
03.	पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय-कोलकाता (पश्चिम बंगाल)	अंग्रेजी, असमिया, बांग्ला, ओड़िया, मणिपुरी, नेपाली, आओ-नागा, भुटिया, बोडो, गारो, खासी, कोकबोरक , लेप्चा, लिम्बू, मिसिंग, मिज़ो, नेवारी, तिब्बतन एवं लुशेई

04.	दक्षिण क्षेत्रीय कार्यालय-बेंगलुरु (कर्नाटक)	अंग्रेजी, कन्नड़, मलयालम, तमिल और तेलुगु
05.	पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय- मुंबई (महाराष्ट्र)	अंग्रेजी, मराठी, गुजराती और कोंकणी

प्रश्न 4. क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत कौन-कौन से राज्य/केंद्रशासित प्रदेश हैं?

उत्तर 4. क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले राज्य/केंद्रशासित प्रदेश।

क्रमांक	**भंडार अवस्थिति/माल संग्रह**	**राज्य/केंद्रशासित प्रदेश**
01.	उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय, नेहरू भवन, 5, इंस्टीट्यूशनल एरिया, फेज-II, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070, दूरभाष - 011-26707700 ई-मेल- nro.nbt@nic.in	बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, लद्दाख, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड
02.	पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय, जालानसेवा न्यास भवन, द्वितीय तल, 61, महात्मा गांधी रोड, कोलकाता - 700009 दूरभाष - 033-22413899 ई-मेल - ero.nbt@nic.in	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, ओड़िशा, सिक्किम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल
03.	पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय, रवींद्रनाट्य मंदिर, प्रथम तल, पी.एल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी, प्रभादेवी, मुंबई - 400025 दूरभाष - 022-23720442, 24320380 ई-मेल - wro.nbt@nic.in	दादर नगर हवेली और दमन और दीव, गोवा, गुजरात, और महाराष्ट्र
04.	दक्षिण क्षेत्रीय कार्यालय हॉल सं-1 बीडीए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, बनाशंकरी II स्टेज, बेंगलुरु - 560070 दूरभाष - 080-26716303 ई-मेल - sro.nbt@nic.in	आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, तेलंगाना और पुदुचेरी